


## राजनीतिक

- **पीपल्सपीक 5: पीयूष गोयल - कुशल वार्ताकार, उद्योग जगत के मित्र**

उद्योग जगत के साथ उनका नियमित संपर्क और केंद्रित दृष्टिकोण लोगों का ध्यान आकर्षित करने में सफल रहा है और यही उत्तरदाताओं द्वारा उन्हें चुनने के मुख्य कारणों में से एक था। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मंत्रियों में शुमार किया गया था, क्योंकि उद्योग जगत के मुद्दों की उनकी गहरी समझ और नियमित बातचीत के साथ-साथ वे एक कुशल वार्ताकार भी थे, जो संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता में भारत के हितों से समझौता नहीं करते थे। उत्तरदाताओं ने इस बात पर ज़ोर दिया कि वे प्रसिद्धि से दूर रहते हैं और उनके काम में ऊर्जा, स्पष्टता और निरंतरता की सराहना की। एक ने उन्हें ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया जो 'बड़े-बड़े वादे नहीं करते और विनम्र बने रहते हैं।' उत्तरदाताओं में से कुछ ने इस प्रकार कहा: यहां बताया गया है कि उत्तरदाताओं ने पीयूष गोयल के बारे में क्या कहा- शिखा त्रिपाठी: एमओसी से संबंधित विषयों में उनकी सक्रिय भागीदारी, उद्योग जगत से निरंतर जुड़ाव और उद्योग के प्रदर्शन की समीक्षा करने के कारण वे सभी से अलग पहचान रखते हैं।

**उज्ज्वल:** लाइमलाइट से दूर रहते हैं, अपना काम करते हैं, जरूरत से ज्यादा वादे नहीं करते और विनम्र बने रहते हैं।

**सुमीत:** उनकी ऊर्जा, स्पष्टता और निरंतरता।

एस: अमेरिका के साथ व्यापारिक वार्ताओं में उनकी भूमिका के कारण।

**अनिल:** कोई दोहरी नीति लागू नहीं है।



- **मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की संभावना नहीं**

हालांकि मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार जल्द ही इस्तीफा दे देंगे, अंदरूनी सूत्रों ने फिलहाल उनके इस्तीफे की संभावना से इनकार किया है।

- **यह कैसा बदलाव है ? क्या इसका कोई महत्व है?**

शुक्रवार को नोएडा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार महोत्सव में गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक-दूसरे की जमकर प्रशंसा की। लोग कह रहे हैं, 'कितना बड़ा बदलाव है!' और इसमें छिपे राजनीतिक महत्व या संदेश को समझने की कोशिश कर रहे हैं।

- **भारत के चुनाव आयोग में नाराज़ 'फूफा' कौन हैं?**

फिलहाल मुख्य चुनाव आयुक्त और एक चुनाव आयुक्त बैचमेट हैं। और एक चुनाव आयुक्त उनसे बैच जूनियर हैं। अब राजनीतिक और नौकरशाही हलकों में यह सवाल गूंज रहा है कि चुनाव आयोग में इन तीनों में से वह कौन सी 'नाराज़ फूफा' है जिसने चुनाव निकाय को नए विवाद में घसीट लिया है? क्या वह 'नाराज़ फूफा' इस्तीफा देगी या उसे इस्तीफा देने के लिए कहा जाएगा?

- **भारतीय चुनाव आयोग विवाद, मोदी सरकार के लिए एक नई मुसीबत बन गया**

एसआईआर को लेकर ईसीआई का विवाद मोदी सरकार के लिए एक नई मुसीबत बन गया है। विपक्ष इस पूरे मामले के लिए गृह मंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहरा रहा है और मुख्य आयुक्त ज्ञानेश कुमार और अमित शाह के इस्तीफे की मांग कर रहा है।

## प्रशासनिक

- **आनंद सिंह आर्थिक मामलों के अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे**

आनंद सिंह, आईएएस (केरल: 2000), को वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है।

- **पी. हेमलता को विभाग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया**

सुश्री पी. हेमलता, आईएएस (कर्नाटक: 2000), विकास आयुक्त, कोचीन विशेष आर्थिक क्षेत्र, वाणिज्य विभाग, को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रिक्त पद को अस्थायी रूप से उन्नत करके अतिरिक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

- **वी. पोन्नुराज को पीएनजी मंत्रालय में हाइड्रोकार्बन विभाग का महानिदेशक नियुक्त किया**

वी. पोन्नुराज, आईएएस (कर्नाटक: 2000), को भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव के पद और वेतनमान में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के हाइड्रोकार्बन महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

- **विपिन कुमार ग्रामीण विकास विभाग के अतिरिक्त सचिव**

भारतीय विमानन प्राधिकरण, नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अध्यक्ष, विपिन कुमार, आईएएस (बिहार: 1996) को ग्रामीण विकास मंत्रालय के ग्रामीण विकास विभाग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है।

- **श्रीकांत नागुलपल्ली व्यय विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे**

श्रीकांत नागुलपल्ली, आईएएस (आंध्र प्रदेश: 1998), पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में हाइड्रोकार्बन के महानिदेशक, को वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग में अतिरिक्त सचिव नियुक्त किया गया है।

- **सरिता चौहान चंद इस्पात मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार के पद पर नियुक्त**

सुश्री सरिता चौहान चंद, आईएएस (एजीएमयूटी: 1999), को कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग में अतिरिक्त सचिव और इस्पात मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार नियुक्त किया गया है।

- **दिनेश पंत की एलआईसी में नियुक्ति समय से पहले समाप्त हो गई**

केंद्र सरकार ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के कारण भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के प्रबंध निदेशक (एमडी) के पद से दिनेश पंत की नियुक्ति को समय से पहले समाप्त करने को मंजूरी दे दी है।

- **निजी बैंक हड़ताल में भाग नहीं लेंगे**

नोएडा में 'व्हिस्पर्स इन द कॉरिडोर्स' को एक्सिस बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि निजी बैंक 28 से 30 सितंबर तक खुले रहेंगे, क्योंकि वे बैंक कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल में भाग नहीं ले रहे हैं।

- **विकास गुप्ता को राष्ट्रीय एवं बाल विकास आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार**

विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) के आयुक्त विकास गुप्ता को 23.07.2026 से छह महीने की अवधि के लिए नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे हरियाणा कैडर के 2001 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

# बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलों में प्रशासन अलर्ट

### लखनऊ समेत कई जिलों में लगातार वर्षा, जिलाधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय रहकर आवागमन और जलभराव पर नजर रखने के निर्देश

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार से शुरू हुई बारिश का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा। लगातार बारिश से कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ और जलभराव की स्थिति बनी है। मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी जिलों के जिलाधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी सतर्क हैं। जिलों में वाहनों के आवागमन, जलभराव और संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार निगरानी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को क्षेत्र में रहकर स्थिति का जायजा लेने और आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ, उन्नाव, कानपुर मंडल, प्रयागराज मंडल, अयोध्या मंडल, वाराणसी सहित कई जिलों में शनिवार सुबह हल्की से मध्यम बारिश हुई है। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ एस एन सुनील पांडेय ने बताया कि कृषि विभाग की 25 सितंबर तक की वर्षा रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के 54 जिलों में वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान प्रदेश में 14 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि बलरामपुर में सर्वाधिक 71.6 मिलीमीटर और बरेली में न्यूनतम 0.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। एक जून से 25 सितंबर तक प्रदेश के 15 जिलों में सामान्य से 120 प्रतिशत से अधिक, 36 जिलों में सामान्य, 10 जिलों में सामान्य से कम और आठ जिलों में सामान्य से काफी कम वर्षा दर्ज की गई है। छह जिलों में सामान्य से बहुत कम बारिश हुई है, जबकि किसी भी जिले में शून्य वर्षा दर्ज नहीं हुई। रिपोर्ट के अनुसार सामान्य से 120 प्रतिशत से अधिक वर्षा वाले जिलों में संभल, महोबा, चित्रकूट, हमीरपुर, मेरठ, बांदा, कानपुर नगर, मुजफ्फरनगर, एटा, प्रयागराज, कन्नौज, बिजनौर, फिरोजाबाद, ललितपुर और प्रतापगढ़ शामिल हैं। वहीं 36 जिलों में वर्षा सामान्य श्रेणी में रही।



मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में बारिश की गतिविधियां जारी रहने का पूर्वानुमान जताया है। 25 और 26 सितंबर को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारी से बहुत भारी बारिश तथा 27 सितंबर को भी बारिश के साथ गरज-चमक और तेज हवाओं की संभावना है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी 25 से 27 सितंबर तक बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है। बारिश को देखते हुए प्रशासन ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बढ़ा दी है। जिलाधिकारियों को स्थानीय परिस्थितियों पर लगातार नजर रखने, आमजन से संपर्क बनाए रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। रेड और ऑरेंज अलर्ट वाले जिलों में विशेष निगरानी की जा रही है। प्रदेश के सभी प्राइमरी से लेकर बारहवीं तक के स्कूल, सीबीएसी,यूपी बोर्ड एवं आई एससी बोर्ड के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रशासनिक अमला जलभराव वाले क्षेत्रों, क्षतिग्रस्त सड़कों और प्रमुख मार्गों पर आवागमन की स्थिति पर नजर रख रहा है। लोगों से भी खराब मौसम के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन की ओर से जारी मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने की अपील की गई है।

## उत्तर प्रदेश में अति वृष्टि को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने दिए निर्देश

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश ने आम जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अतिवृष्टि को लेकर शासन और जिला प्रशासन के अधिकारियों को मुस्तदी के निर्देश दिए हैं। मौसम विभाग ने 32 जिलों में आकस्मिक बाढ़ आने व 10 जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में अतिवृष्टि को लेकर मुख्यमंत्री निर्देश दिए हैं। शनिवार को जारी बयान में कहा है कि बारिश से जनहानि, पशुहानि और आर्थिक नुकसान का समय से आकलन करें। सभी वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड में उतरकर राहत-बचाव कार्य की निगरानी के निर्देश दिए हैं। प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाए। अतिवृष्टि और आकाशीय बिजली से हुई क्षति का 24 घंटे में आकलन कर मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। मुख्यमंत्री योगी ने लोगों से अपील की है कि आकाशीय बिजली व अतिवृष्टि के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। अतिवृष्टि के दौरान नदियों और जलाशयों में स्नान से बचें, विशेष सावधानी बरतें।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सड़क हादसे में तीन की मौत, मुख्यमंत्री ने जताया दुख

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, आगरा :** उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में शनिवार सुबह आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर थाना डौकी क्षेत्र के बाजिदपुर के पास तेज रफ्तार कार अनंत्रित होकर कई बार पलट गई। इस हादसे में कार की पिछली सीट पर बैठे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर सहित दो अन्य लोग घायल हो गए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजन के प्रति संवेदना की व्यक्त की। साथ ही अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार करवाने, मृतकों के परिजनों से संवाद कर हर संभव सहायता उपलब्ध करवाने दिए निर्देश दिए। सहायक पुलिस आयुक्त इमरान अहमद ने बताया कि शनिवार सुबह डौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बाजितपुर के पास आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित कई बार पलटी। इस हादसे में कार में बैठे तीन व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ड्राइवर सहित दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से मृतकों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए सदर भेजा।

हालत गंभीर होने पर एम्बुलेंस से घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मृतकों की पहचान बलिया निवासी जयप्रकाश, भूपेंद्र और कपिल के रूप में हुई है जबकि चालक जसवंत और चंद्रकांत गंभीर रूप से घायल हैं। पांचों लोग दिल्ली से बलिया जा रहे थे। पुलिस ने पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लिया है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार के कारण वाहन के अनियंत्रित होने की बात सामने आ रही है, हालांकि पुलिस हादसे के वास्तविक कारणों की जांच कर रही है।

## विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भाजपा की वैचारिक नींव में है पंडित दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन : स्वतंत्र देव सिंह

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, गोरखपुर :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय रानीडीहा में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री एवं गोरखपुर जिले के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठनों में स्थापित है और देश के अनेक राज्यों में पार्टी की सरकारें हैं। इस संगठन की वैचारिक नींव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन और उनका समर्पित कार्यकर्ता निर्माण का विचार महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी ने राष्ट्रसेवा और अंत्योदय की भावना से प्रेरित ऐसे कार्यकर्ताओं के निर्माण पर बल दिया, जिन्होंने संगठन को निरंतर मजबूत किया। उन्होंने कहा कि हमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरणा लेकर ऐसे कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है, जो आने वाली पीढ़ियों में राष्ट्रसेवा की भावना को आगे बढ़ाएं और विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। दीनदयाल जी का जीवन और चिंतन कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।



क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को राष्ट्रवाद, अंत्योदय और एकात्म मानववाद की वैचारिक दिशा प्रदान की। उनका जीवन सादगी, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कामेश्वर सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय, जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी, जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम,महानगर प्रभारी महेश शुक्ला,क्षेत्रीय महामंत्री डॉ बच्चा पांडे नवीन ,सत्येंद्र सिन्हा , राहुल श्रीवास्तव , विधायक सहजनवा प्रदीप शुक्ला, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता , रणजीत राय बड़े, राजेश गुप्ता, क्षेत्रीय मंत्री हरिकेश गुप्ता , क्षेत्रीय मीडिया सह प्रभारी राहुल तिवारी, पंकज जयसवाल, पवन चतुर्वेदी सहित क्षेत्रीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय

# वाराणसी में एयर शो की तैयारियां तेज, पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी :** काशी में आगामी 22, 23 और 25 अक्टूबर 2026 को प्रस्तावित एयर शो की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। शनिवार शाम पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल और जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने नमोघाट सहित विभिन्न स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

अधिकारियों ने संभावित भीड़ को देखते हुए पार्किंग, रूट और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस आयुक्त और जिलाधिकारी ने बसंता महिला कॉलेज के पास प्रस्तावित पार्किंग स्थल, रूट एवं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। एयर शो में दर्शकों और वाहनों की संभावित भारी संख्या के मद्देनजर चिन्हित पार्किंग स्थलों की क्षमता, प्रवेश-निकास मार्ग, वाहन संचालन और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों को पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सुव्यवस्थित यातायात संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



वीआईपी एवं अतिविशिष्ट अतिथियों के आवागमन के लिए प्रस्तावित मार्गों का निरीक्षण कर रूट निर्धारण और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। पुलिस आयुक्त ने कहा कि वीआईपी मूवमेंट के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। वैकल्पिक मार्गों सहित ट्रैफिक डायवर्जन प्लान पहले से तैयार रखने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने नमोघाट स्थित हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। हेलीपैड की सुरक्षा, आवागमन, आपातकालीन व्यवस्थाओं और आसपास सुरक्षा घेरा बनाए रखने को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एयर शो के दौरान संभावित भीड़ और वाहनों के दबाव को देखते हुए प्रमुख मार्गों, पार्किंग स्थलों और कार्यक्रम स्थल के आसपास पर्याप्त पुलिस एवं यातायात पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम से पहले रूट, पार्किंग, बैरिकेडिंग, प्रवेश-निकास व्यवस्था और सुरक्षा योजना का स्थलीय परीक्षण करने को कहा गया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त गौरव बंशवाल, अपर पुलिस उपायुक्त वैभव बांगर, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अंशुमान मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## संगठन की असली शक्ति हैं भाजपा के कार्यकर्ता : शंकर गिरी




**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, जौनपुर :** भाजपा की जिला इकाई की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने की और संचालन जिला महामंत्री अजय सिंह ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरी ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए सक्रियता और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक को संबोधित करते हुए शंकर गिरी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की असली शक्ति है। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों की रूपरेखा बताते हुए कार्यकर्ताओं से पूरे उत्साह और निष्ठा के साथ जुटने का आह्वान किया। राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि परिचयात्मक बैठक केवल आपसी परिचय तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विचारों, संकल्पों और प्राथमिकताओं को साझा करने का मंच है। भाजपा राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ कार्य करने वाला परिवार है।

राज्यसभा सदस्य सीमा द्विवेदी ने कहा कि संगठन की शक्ति कार्यकर्ताओं की मेहनत में निहित है। क्षेत्र के विकास, महिला सशक्तीकरण और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। विधायक रमेश मिश्रा ने कहा कि ऐसी बैठकों से आपसी समन्वय मजबूत होता है और धरातल की स्थिति के आधार पर बेहतर कार्ययोजना बनाने में मदद मिलती है। विधायक रमेश सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं।

## नीट- यूजी उत्तर कुंजी पर अकेले उम्मीदवार की आपत्ति से विशेषज्ञ राय जरूरी नहीं : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा कि परीक्षा के विवादित प्रश्नों और उनके उत्तर विकल्पों को विशेषज्ञ के पास तभी भेजा जा सकता है, जब अदालत के सामने ऐसी ठोस सामग्री हो जो विशेषज्ञ राय लेने की जरूरत दिखाती हो। केवल एक उम्मीदवार की ओर से उत्तर कुंजी पर आपत्ति किए जाने और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा उसे जांचकर खारिज कर दिए जाने पर विशेषज्ञ से राय लेना जरूरी नहीं है। जस्टिस अरिंदम सिन्हा और जस्टिस सत्यवीर सिंह की खंडपीठ ने नीट-यूजी 2026 के एक उम्मीदवार की याचिका खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। उम्मीदवार ने प्रश्न संख्या 60 और 70 की उत्तर कुंजी को चुनौती दी। इनमें एक शून्य-क्रम अभिक्रिया और दूसरा ऑक्सीजन की प्रथम आयनीकरण एन्थैल्पी से जुड़ा कथन-कारण प्रश्न था। याचिकाकर्ता नितिन मिश्रा का कहना था कि यही प्रश्न वर्ष 2019 और 2022 की संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य में भी पूछे गए, लेकिन उस समय उनकी उत्तर कुंजी में अलग उत्तर दिए गए। उसने दावा किया कि उसने उन्हीं उत्तरों को लिखा था। सुनवाई के दौरान अदालत के सवाल पर याचिकाकर्ता के वकील ने स्वीकार किया कि संभवत: वही अकेला उम्मीदवार था, जिसने इन दोनों प्रश्नों की उत्तर कुंजी पर आपत्ति की थी।

**Fenesta** Better by Design
India's No.1 Windows & Doors Brand
**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby served to all concerned that our dealership operating under the name of "**GUPTA ENTERPRISES**" located at **IN FRONT OF MAYARAM, GEDAJI COMPLEX, GUJRATI BAZAR, SAGAR 470002** is discontinued w.e.f. 17.09.2026. FBS has terminated its dealership with "**GUPTA ENTERPRISES**" and the latter has already ceased to be an authorized dealer of FBS. Therefore, is no longer associated in any way with Fenesta Building System ("FBS"), a division of DCM Shriram Limited.

Any person dealing with "GUPTA ENTERPRISES" will be doing so at his or her own risk and consequences. Thus, FBS will not be liable or responsible for dealing of any person with "GUPTA ENTERPRISES" in any event and for any reason whatsoever.

"**GUPTA ENTERPRISES**" and/or its owners/employees have no authority to transact any business or receive any money for and on behalf of FBS without consent of the FBS. FBS shall not be responsible for any action, debt, commitment or deeds done or entered into by "**GUPTA ENTERPRISES**".

For any queries related to your pending order etc, kindly contact Fenesta Building Systems. FBS Helpline Tel: 0124-4513700 & 1800 102 9880 or email us at response@fenesta.com.

## आपका राशिफल 27 सितम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-1-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-5-7

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-3-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़ तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक 2 5 9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-9-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-7